Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक


भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष ३० अंक- ०६ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६-३१ मार्च २०२० पृष्ठ ०८ मूल्यः १५ रु.मात्र (रंगीन सहित)

## सरकार कोविड-१६ के कारण उत्पन्न स्थिति पर पूरी तरह सतर्क - प्रधानमंत्री



प.सू.का/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार कोविड-१६ नोवल कोरोना वायरस के कारण उत्पन्न स्थिति को लेकर पूरी तरह सतर्क है। एक ट्वीट में प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी की सुरक्षा के लिए मंत्रालयों और राज्यों ने अनेक अति सक्रिय कदम उठाए हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे दहशत में नहीं आए और अनावश्यक यात्रा और बड़ी संख्या में एकत्र होने से बचें। प्रधानमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार का कोई भी मंत्री आने वाले दिनों में विदेश यात्रा पर नहीं जाएगा।


उन्होने कहा कि हम सभी सहमत हैं कि हम एक गंभीर चुनौती का सामना कर रहे हैं। हमें अभी तक नहीं पता है कि आने वाले दिनों में महामारी कौन सा आकार लेगी। यह स्पष्ट है कि हमें एकजुट होकर काम करना होगा। हम इसका सबसे अच्छा जवाब अलग रहकर नहीं, एक साथ मिलकर दे सकते हैं। आपस में सहयोग होना चाहिए भ्रम नहीं तैयारी होनी चाहिए, दहशत नहीं, और हम जल्द ही इस बीमारी को खत्म करेंगे।

## कोरोना वायरसः बुजुर्ग और बच्चों को सावधानी की जरूरत

रे.स.ब्यू./संवाप्रयागराज। बुजुर्ग और बच्चों को कोरोना वायरस से बचने के लिए ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है क्योंकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। जिसे बढ़ाने के लिए नियमित सीजनल फल और सब्जियों का प्रयोग करें। प्रोटीन वाले पदार्थ खाएं। वहीं कामकाजी महिलाएं घर लौटने पर तत्काल बच्चों को गोद में न उठाएं। सांस की बीमारी, मधुमेह, हृदय रोग, हाइपरटेंशन से पीड़ित लोगों पर भी इसका वार ज्यादा होता है।

कोविड-१६ नोवल कोरोना वायरस के कारण उत्पन्न स्थिति में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाए रखने की जरूरत है जिससे कि शरीर वायरस से लड़ सके। ऐसी कोई जरूरत नहीं है कि महंगे फल खाएं। सस्ते और सीजन में आसानी से उपलब्ध फल पर जोर होना चाहिए।

## कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए रेलवे ने किये व्यापक उपाए



प.सू.का/नई दिल्ली। भारतीय रेल ने कोरोना वायरस (कोविड-१६) संक्रमण की रोकथाम के लिए व्यापक उपाए किए हैं। रेल तथा वाणिज्य उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रेल बोर्ड को भारतीय रेल प्रणाली में इस बीमारी की पर्याप्त रोकथाम के उपाए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। रेल बोर्ड के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने तैयारियों की समीक्षा तथा प्राथमिकताओं और निर्देश के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से ५ और ६ मार्च, २०२० को सभी महाप्रबंधकों के साथ बैठक की। आवश्यक प्रबंध करने के लिए क्षेत्रीय रेल, मंडलों तथा इकाइयों के प्रमुख के साथ बैठक कर रहे हैं। रेलवे बोर्ड, जोन तथा मंडल स्तर पर स्थिति की निगरानी की जा रही है और समन्वय किया जा रहा है। पूरी रेल प्रणाली में नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं और रेल कर्मचारियों को इस बारे में संवेदी और शिक्षित बनाया गया है। संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ सहयोग और तालमेल सुनिश्चित किया जा रहा है। भारतीय रेल द्वारा कोरोना वायरस (कोविड-१६) की रोकथाम के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं- (ए.) रेलवे स्टेशनों तथा रेलगाड़ियों में जन-साधारण की जागरूकता के लिए स्थानीय भाषाओं में सूचना शिक्षा और संचार सामग्री (पोस्टर तथा पर्ची) प्रमुखता से लगाए गए हैं और अस्पताल जाने वाले रोगियों तथा रेलवे आवासीय परिसरों में यह सामग्रियां वितरीत की जा रही है। जागरूकता फैलाने के लिए रेलवे स्टेशनों पर ऑडियो और वीडियो क्लिप चलाए जा रहे हैं। स्टेशनों पर सार्वजनिक घोषणाएं की जा रही हैं। (बी.) रेलवे अस्पतालों में बुखार ग्रस्त व्यक्तियों को अन्य रोगियों से अलग रखा जा रहा है। बुखार वाले मामलों के लिए अलग से वार्ड स्थापित किए गए हैं। ऐसे क्षेत्रों में चिकित्साकर्मियों को सुरक्षात्मक उपायों के साथ तैनात किया गया है। (सी.) रेलवे के अस्पतालों में ११०० अलग बिस्तर लगाए गए हैं ताकि कोरोना वायरस के संदिग्ध लोगों का इलाज किया जा सके। पूरे देश में रेलवे ने विभिन्न स्थानों पर क्वाटैन्टाइन करने के लिए १२४८३ बिस्तर चिन्हित किए गए हैं। (डी) चिकित्साकर्मियों को किसी भी रेलवे अस्पताल जोन/पीयू की स्वास्थ्य इकाई में कोरोना वायरस बीमारी के संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना रेलवे बोर्ड तथा स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों को सूचित करने की सलाह दी गई है। (ई.) जोन/पीयू के सभी चिकित्सा प्रभारियों को इस बारे में जारी दिशा- निर्देश की जानकारी प्राप्त करने के लिए संबंधित राज्य के अधिकारियों से निरंतर सम्पर्क में रहने तथा ऐसे अधिकारियों द्वारा सुझाव गए उपाए करने की सलाह दी गई है। (एफ) सभी रेलवे अस्पतालों में नियंत्रण कक्ष और टेलीफोन हेल्पलाइन स्थापित की गई हैं।

## रेलमंत्री ने दिए यात्री सुविधाओं में और सुधार लाने के निर्देश

रे.स.ब्यू./सूत्र. वाराणसी। रेलमंत्री पीयूष गोयल ने रेलवे बोर्ड के सदस्यों सहित वाराणसी में महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे के साथ कार्य निष्पादन पर समीक्षा बैठक की। समीक्षा में उत्तर रेलवे पर सुरक्षा, समय-पालन बद्धता, माल ढुलाई,यात्री यातायात, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और अन्य चल रही विकासात्मक परियोज-नाओं के मुद्दों को शामिल किया गया। दिनांक १४.०३.२०२० को रेल मंत्री ने जोर दिया कि भारतीय रेलवे के सभी अधिकारियों को भारतीय रेलवे और देश की उन्नति के लिए समयबद्ध तरीके से लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक टीम के रूप में काम करना चाहिए। उन्होंने किसान तथा अधिक से अधिक पार्सल ट्रेन चलाने पर भी बल दिया।




गोयल ने, चालू वर्ष के दौरान उत्तर रेलवे के प्रदर्शन की विस्तृत समीक्षा करते हुए, सुरक्षा और ट्रेन परिचालन सुनिश्चित करने से संबंधित परियोजनाओं की निकट निगरानी के लिए महाप्रबंधक राजीव चौधरी को निर्देश दिए। गोयल ने मानव-युक्त लेवल क्रॉसिंग को खत्म करने और रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज के निर्माण, भारी मानवयुक्त लेवल क्रसिंग इंटरलकिंग, इलेक्ट्रॉनिक सिग्नलिंग द्वारा पुराने मैकेनिकल सिग्नलिंग को खत्म करने आदि जैसे सुरक्षा कार्यो को शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया।

गोयल ने सुरक्षा सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग को खत्म करने की दिशा में अच्छी प्रगति के लिए जोन को बधाई दी।

रेलमंत्री पीयूष गोयल ने उत्तर रेलवे के यात्रियों के लिए मुफ्त वाई-फाई प्रदान करने के लिए जोन और डिवीजनों की भी सराहना की।


## डॉ. हर्षवर्धन ने किया कोविड-१६ पर तैयारियों की समीक्षा

प.सू.का/नईदिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कोविड-१६ को लेकर हालात, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा उठाए गए कदमों और रोकथाम व प्रबंधन से संबंधित उनकी तैयारियों की समीक्षा की। इस बैठक के दौरान प्रीति सुदान, सचिव (एचएफ-डब्लू), डॉ. बलराम भार्गव, डीजी (आईसीएमआर), अरुण सिंघल, विशेष सचिव (एच), संजीव कुमार, विशेष सचिव (एच), डीजीएचएस, वीवी शर्मा, सदस्य सचिव (एनडीएमए) डॉ. रणदीप गुलेरिया, निदेशक, एम्सय डॉ. मीनाक्षी भारद्वाज, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल की एमएसय निदेशक एनसीडीसी डॉ. सुजीत सिंह, आईसी-एमआर के वैज्ञानिक डॉ. रमन गंगाखेडकरय और मंत्रालय के अधिकारी मौजूद रहे।



डॉ.हर्षवर्धन को कोविड-१६ पर उभरते राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय हालात और भारत सरकार व राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा कोविड-१६ की रोकथाम और प्रबंधन के लिए उठाए गए कदमों से अवगत कराया गया। उन्होंने हालात और क्वारंटाइन सुविधाओं अलग वार्डों, व्यक्तिगत सुरक्षा के उपकरण (पीपीई), मास्क, परीक्षण किट आदि की प्रचुरता के संबंध में राज्या/केंद्र शासित प्रदेशों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अस्पतालों में साफ-सफाई और हाइजीन बरकरार रखने और कोविड-१६ के नियंत्रण और प्रबंधन के लिए सभी निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी।

## केंद्रीय सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में खोले गए आइसोलेशन वार्ड



रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। महाप्रबंधक, हाजीपुर ने केन्द्रीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना में कोरोना वायरस (COVID-19) के संक्रमण की रोकथाम के लिए किए गए उपायों की समीक्षा की तथा पूर्व मध्य रेल के चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक प्रबंध करने के लिए दिशा निर्देश जारी किया। दिनांक १२.०३.२०२० को महाप्रबंधक द्वारा अस्पताल में रैम्प, कैन्टीन, मरीजों के परिजन के ठहरने हेतु विश्रामगृह एवं दंत चिकित्सा से संबंधित अन्य उपकरण का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर अस्पताल के काम-काज की समीक्षा भी की गई और अस्पताल प्रशासन को मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर बल दिया गया। महाप्रबंधक द्वारा कोरोना वायरस (COVID-19) के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर अस्पताल में एक आइसोलेशन वार्ड भी खोला गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबन्धक, अरूण कुमार शर्मा, दानापुर के मंडल रेल प्रबंधक, सुनील कुमार, प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, डा० एम.रवि कुमार एवं मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ यूनियन के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

## जिसमें धैर्य नहीं, वह प्रेम नहीं कर सकता: मोरारी बापू

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। संगम तट पर जग विख्यात रामकथा मर्मज्ञ संत मोरारी बापू ने शुक्रवार दिनांक ०६.०३.२०२० को सत्य और साधुता की व्याख्या कर देश-दुनिया से आए मानस प्रेमियों में आत्म चेतना का संचार कर दिया। उन्होने संदेश दिया कि जिसमें धैर्य नहीं होगा, वह प्रेम नहीं कर सकता। मोरारी बापू ने कहा कि शून्य प्रेम है तो सत्य अक्षयदान। संत मोरारी बापू ने साधु के अर्थ और उनके अपमान पर भी रोशनी डाली।

बताया कि जो भेद न करे वही साधु है। साधु की कथनी करनी में अंतर नहीं हो सकता। एक और फर्क है कि संत क्षमा कर देता है, लेकिन भगवंत कभी क्षमा नहीं करता। उन्होंने बताया कि राजस्थान में दो बार संतों का अपमान हुआ और दोनों बार वहां के लोगों को अकाल का सामना करना पड़ा था। मोरारी बापू ने अक्षय नाम से जुड़े प्रमुख तिथियों शब्दों का भी जिक्र किया।

## कोरोना वायरस से निपटने के लिए उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल में बनाया गया अलग वार्ड




रे.स.ब्यू./संवा.नई दिल्ली। कोरोना वायरस का कहर दुनिया के बहुत से देशों में तेजी से फैल रहा है जिसके कारण हजारों लोगों की जानें गयी हैं। भारत अभी तक इस महामारी से अछूता है। फिर भी कोरोना वायरस के बढ़ते हुए खतरे के मद्देनजर उत्तर रेलवे के केन्द्रीय अस्पताल, नई दिल्ली में एक अलग वार्ड तैयार रखा गया है।

इस वार्ड में आने वाले रोगियों और यहां के चिकित्सा सहयकों को रक्षात्मक डिस्पोजेबल ड्रैस किट उपलब्ध कराई गयी है।

डॉक्टरों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा रेलवे कॉलोनियों, क्लबों, हैल्थ यूनिटों और बारात घरों में इस वायरस के लक्षण और बचाव के बारे में जन साधारण को जागरूक किया जा रहा है।

## योगी सरकार पर शिवपाल यादव का हमला

रे.स.ब्यू./सूत्र.इटावा। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने इटावा के जसवंतनगर में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर जमकर हमला बोला। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार के चलते अधिकारी काम नहीं करना चाहते। हर ओर कमीशनखोरी चल रही है।



जसवंतनगर के ग्राम कैस्त के समीप एक निजी कार्यक्रम में दिनांक १६.०३.२०२० को वह आए थे। उन्होंने कहा कि देश में बुद्धिमानों की कमी नहीं है।

मगर उनको मौका नहीं दिया जा रहा है।प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश में जेई तथा एई छापे डाल डालकर लूट मचा रहे हैं। इस कार्यक्रम में दौरान पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, अनुज मोंटी यादव आदि मौजूद रहे।

## हमसफर समेत सभी ट्रेनों में एसी कोच से हटे पर्दे

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। प्रयागराज जंक्शन से विभिन्न स्टेशनों की ओर जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों को कोरोना वायरस की वजह से कंबल नहीं मिलेगा। रेलवे ने कंबल के साथ एसी कोच में लगे पर्दे हटाने का भी निर्णय लिया है। रविवार दिनांक १५.०३.२०२० से ही हमसफर, प्रयागराज, जयपुर एक्सप्रेस, हरिद्वार एक्सप्रेस समेत तमाम ट्रेनों के एसी कोच से पर्दे हटाने की कार्रवाई रेलवे ने शुरू कर दी और रेलवे द्वारा यह भी कहा गया है कि सभी एसी कोच में तापमान २५ डिग्री ही रखा जाएगा। कोरोना वायरस से बचाव के लिए रेलवे की ओर से किए जा रहे सुरक्षात्मक उपायों के तहत रविवार को एसी कोच से पर्दे हटाने का फैसला लिया गया। फरमान जारी होने के बाद ही रेलकर्मी एक्शन मोड में आ गए थे। यात्रियों को सफर में सिर्फ दो चादर एवं तकिया दिया गया।

## कोरोना का डर: मस्जिदों में दुआएं, मंदिरों में अनुष्ठान

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। कोरोना वायरस का संक्रमण खत्म करने को प्रयागराज में मंदिरों में अनुष्ठान, मस्जिदों में दुआएं, गुरुद्वारा और गिरजाघरों प्रार्थनाएं की गईं। वहीं संगम में बड़े हनुमान मंदिर में कोरोना वायरस को खत्म करने की कामना को संगीतम भजन-कीर्तन किया गया, और लोगों ने अनुष्ठानों में कोरोना के नाम से आहुतियां भी दीं। बाबा की दरगाह पर उर्स में कोरोना के खात्मे के लिए अटाला स्थित हजरत शाह इनायत उल्लाह के उर्स के आखिरी दिन रविवार दिनांक १५.०३.२०२० को बाबा की दरगाह पर खात्मे के लिए दुआएं मांगी गईं।

# अस्पतालों, कार्यालय परिसर में सफाई का रखें विशेष ध्यान- मुख्य विकास अधिकारी



रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। मुख्य विकास अधिकारी आशीष कुमार की अध्यक्षता में कोरोना वायरस से बचाव की तैयारियों कि समीक्षा की। दिनांक ०६.०३.२०२० को बैठक मे अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर० एस० ठाकुर व मेडिकल कालेज के प्रचार्य डॉ. एस.पी. सिंह ने बताया कि प्रशासन की तरफ से पूरी तैयारी कर ली गयी है। एम्बुलेंस, वार्ड तथा अस्पतालों में रिजर्व सीटे रखी गयी है। कंट्रोल रूम की स्थापना की गयी है, जिसका नं. ०५३२-२६४०६४५ तथा ६४१५२३८६६८ है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि हॉस्पिटल, कार्यालय परिसर तथा आस-पास साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने बताया कि बाहरी व्यक्तियों को एयरपोर्ट पर जांच करने के बाद ही अंदर प्रवेश दिया जा रहा है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर.एस. ठाकुर ने बताया कि खांसी, बुखार और सांस लेने में तकलीफ होती है, तो तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क करें। बैठक में एडीएम वित्त एम. के.सिंह और चिकित्सा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# हर मंदिर का ब्योरा रखेगी अब सरकार

रे.स.ब्यू./सूत्र। अब उत्तर प्रदेश मे योगी सरकार ने मंदिरों का ब्योरा तैयार करने का निर्देश दिया है। जिसकी जिम्मेदारी पुरातत्व विभाग को सौंपी गई है। जिसके तहत प्रयागराज समेत आसपास के सभी जिलों में स्थित मंदिरों का सर्वे आरंभ कर दिया गया है।

इसके तहत मंदिरों की स्थिति, उनकी महत्ता, स्वामित्व और उसके अधीन संपत्ति को भी सूचीबद्ध कर डाटा तैयार किया जाएगा।

प्रदेश में पौराणिक काल के मंदिरों, प्रतिमाओं और तीर्थों के अलावा जैन और बुद्ध प्रतिमाओं को भी सूचीबद्ध किया जाएगा। निजी स्वामित्व वाले मंदिरों का भी विवरण जुटाया जाएगा।

# मंडलायुक्त प्रयागराज के कार्यो कि हुई सराहना



सूचना विभाग.प्रयागराज। मंडलायुक्त प्रयागराज डॉ.आशीष कुमार गोयल के विदाई समारोह दिनांक १५.०३.२०२० को सिविल लाईस के कान्हा श्याम होटल में जनपद के सभी अधिकारियों ने मंडलायुक्त को उनके योगदान की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रयागराज व मंडल में हुए विकास कार्यों को याद किया व बधाई दी और दिव्य कुंभ भव्य कुंभ मे किए गए उनके कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की गई।

# प्रयागराज के छात्र को मिला इसरो जाने का मौका

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। नैनी के क्रिस्टी मेमोरियल स्कूल एंड कॉलेज में कक्षा नौ के एक छात्र अम्मार नबी सिद्दीकी को इसरो के यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम युविका-२०२० में चयन किया गया है।

शुरू से ही मेधावी रहे अम्मार सिद्दीकी ने इसरो के यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम में भागीदारी की थी। हालांकि उन्होंने अभी पहला पायदान पार किया है। अम्मार के पिता नबी अहमद सिद्दीकी एनसीसी कार्यालय में सीनियर असिस्टेंट के पद पर तैनात हैं।

# दोहरीकरण के कार्य से गाडियों का परिचालन रहेगा प्रभावित

रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल इलाहाबाद-फाफामऊ रेलवे स्टेशनों के बीच दोहरीकरण एवं आधुनिकीकरण का कार्य दिनांक १६ मार्च से ०७ अप्रैल, २०२० तक किया जायेगा। इसी प्रकार पूर्वोत्तर रेलवे के बनारस रेलवे मंडल में भी दोहरीकरण का कार्य दिनांक २५ मार्च से ०८ अप्रैल, २०२० तक किया जायेगा। जिससे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली कुछ गाडियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रदद होने वाली गाडियों में :- दिनांक १५ मार्च से ०७ अप्रैल, २०२० तक छपरा से चलने वाली १५१५६ छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस रदद रहेगी। दिनांक १६ मार्च से ०८ अप्रैल, २०२० तक दुर्ग से चलने वाली १५१५० दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस रदद रहेगी। परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियां:- दिनांक १६, २६ मार्च, २०२० एवं ०२ अप्रैल, २०२० को दुर्ग से चलने वाली १८२०५ दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग इलाहाबाद छिवकी-जिवनाथपुर -बनारस-शाहगंज होकर चलेगी। दिनांक २१, २८ मार्च, २०२० एवं ०४ अप्रैल, २०२० को नौतनवा से चलने वाली १८२०६ नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग शाहगंज-बनारस-जिवनाथपुर -इलाहाबाद छिवकी होकर चलेगी। दिनांक ०३, ०४, ०६ एवं ०७ अप्रैल, २०२० को बरौनी से चलने वाली १५२३१ बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग बलिया-मऊ जंक्शन-शाहगंज होकर चलेगी। दिनांक ०२, ०३, ०५ एवं ०६ अप्रैल, २०२० को गोंदिया से चलने वाली १५२३२ गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग शाहगंज-मऊ जंक्शन-बलिया होकर चलेगी। दिनांक ०४ अप्रैल, २०२० को दुर्ग से चलने वाली १८२०१ दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग शाहगंज-मऊ जंक्शन-बलिया होकर चलेगी।

# कोरोना वायरस : ३१ मार्च तक यूपी के ११ जिलों में सिनेमा हॉल, मल्टीप्लेक्स बंद

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। कोरोना वायरस के बढ़ते हुए प्रकोप को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आवास पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान सभी जिलों के अधिकारियों से कहा कि वह अपन जिलों में बने आइसोलेशन वार्ड, ओपीडी का निरीक्षण करें साथ ही साथ ११ जिलों में सिनेमा हॉल, मल्टीप्लेक्स, स्विमिंग पूल, क्लब, डिस्को, और जिम ३१ मार्च २०२० तक बंद करने के निर्देश दिए। रविवार दिनांक १५.०३.२०२० को उन्होंने अधिकारियों से कहा कि दिल्ली एनसीआर के नोएडा, गाजियाबाद, भारत-नेपाल सीमा के सभी जिलों सिद्धार्थ नगर, श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, महाराजगंज, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, आगरा व लखनऊ में इन आदेश को सख्ती से लागू कराया जाए। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, प्रमुख सचिव एसपी गोयल भी मौजूद थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन




रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दिनांक ०६.०३.२०२० को संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी मुख्य वक्ता प्राचार्या आर्य कन्या पी जी कालेग डॉ.रमा सिंह रही। वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी केशव त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित सभी महिलाओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत करते हुए डॉ.,रमा सिंह का संक्षिप्त जीवन परिचय दिया तथा अपर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग अग्रवाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। डॉ.रमा सिंह ने नारी सशक्तीकरण के सन्दर्भ में 'महिलाओं के अधिकार एवं उत्तरदायित्व विषय पर विस्तार से अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किये और भारतीय समाज में महिलाओं की सहभागिता के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर मंडल वित्त प्रबंधक डॉ.गरिमा त्रिपाठी तथा कार्यालय एवं स्टेशन पर कार्यरत महिला कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

सम्पादकीय

# कोरोना: डर के आगे जीत है

कोरोना वायरस महामारी का रूप ले लेने के बाद दुनिया भर में अफरा-तफरी का जो माहौल बन रहा है, उसे रोकने की उतनी ही जरूरत है, जितनी इस रोग के प्रसार को।

यह विचित्र है कि एक ओर बार-बार यह कहा जा रहा है कि कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण से घबराने की जरूरत नहीं और ऐसे काम भी किए जा रहे है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि लोगों को भीड़-भाड़ से बचने और कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों से दूर रहने के लिए अतिरिक्त सतर्क रहने की जरूरत है, कोरोना वायरस को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है, लेकिन ऐसा माहौल नहीं बनाया जाए कि हर कोई खुद को घर में कैद कर ले। बल्कि उनको जागरूक किया जाना भी बहुत जरूरी है। अपने देश में भी कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या निरंतर बढ़ जाने से सतर्कता बढ़ाने की जरूरत बढ़ गई है। कोविड-१९ नोवल कोरोना वायरस के कारण उत्पन्न स्थिति में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाए रखने की जरूरत है जिससे कि शरीर वायरस से लड़ सके। ऐसी कोई जरूरत नहीं है कि महंगे फल खाएं। सस्ते और सीजन में आसानी से उपलब्ध फल पर जोर होना चाहिए। यह अच्छी बात है कि भारत की नागरिकों ने इसका परिचय भी दिया है, लेकिन इसी के साथ इस पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि राज्य सरकारों को सावधानी बरतने के नाम पर क्या करना चाहिए और क्या नहीं, बल्कि उनके फैसलों में एकरूपता दिखनी चाहिए। ये फैसले ऐसे होने चाहिए जो हालात को नियंत्रित करने का तो काम करें, लेकिन आम लोगों में खौफ न पैदा करें।

हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन

# कोरोना: फुटपाथ पर बिक रहे मास्क कर देंगे बीमार

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। अगर आप फुटपाथ पर बिक रहे मास्क खरीद रहे हैं तो जरा ठहरिए। यह आपको संक्रमण से नहीं, बल्कि उल्टा बीमार कर सकता है। यह कहना है शहर के प्रमुख चिकित्सकों का। जिसका कारण है कि मास्क न तो सेनेटाइज हैं, न ही मानकों के अनुसार बनाए जा रहे हैं, और न ही ये पैकिंग में रखे जा रहे हैं। इन्हें जूते के जालीदार कपड़े, स्कूल बैग में इस्तेमाल होने वाले कपड़ों से भी बनाया जा सकता है। जिससे आप समझ लीजिये कि आपकी सेहत पर क्या असर पड़ेगा। शहर में चौक, एमजी रोड आदि में ये मास्क बेचे जा रहे हैं।

जिसके लिए २० से ४० रुपये वसूले जा रहे हैं। बेचने वालों को खुद नहीं मालूम है कि ये किस कारखाने में और किस कपड़ों से बने हैं। चूंकि मेडिकल स्टोरों पर मास्क मिल नहीं रहे हैं। इस कारण फुटपाथ पर बेचने वालों की बिक्री हो रही है।

# भारतीय ज्योतिष के अनुसार अप्रैल से कम होगा कोराना का प्रभाव

रे.स.ब्यू./सूत्र. वाराणसी। भारतीय ज्योतिष के अनुसार वायरस का कारक राहु और शनि को माना जाता है। इन्हीं के प्रकोप के कारण यह फैली है। शनि के स्वराशि मकर में होने के कारण इस महामारी का प्रभाव निरंतर बढ़ रहा है। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के ज्योतिष कृष्ण शास्त्री के अनुसार वर्तमान में राहु उच्च राशि मिथुन में गोचर कर रहे हैं, जो भारत की कुंडली का द्वितीय भाव है। इसे कालपुरुष की कुंडली में मुंह, नाक, कान, गले का कारक माना जाता है। राहु लग्नस्थ और साथ ही शुक्र षष्टेश होकर शनि के साथ तृतीयस्थ हैं। अर्थात तृतीय भाव से दमा, खांसी, फेफड़े, वांस संबंधी रोग हो रहे हैं। चूंकि वायरस हवा के माध्यम से फैल रहा है और आक्सीजन का कारण चंद्र हैं। ज्योतिष के माने तो सूर्य १४ अप्रैल २०२० को मेष राशि में प्रवेश करेंगे। भारत की कुंडली के अनुसार वृष लग्न की कुंडली में चंद्र में शनि की अंतर्दशा चल रही है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, कोरोना का प्रभाव अप्रैल तक कम होना शुरू हो जाएगा और वर्ष मध्य के बाद ही समाप्त होने की संभावनाएं हैं।

# प्रयागराज -जयपुर-प्रयागराज एक्सप्रेस में होंगे एलएचबी कोच

रे.स.ब्यू./सूत्र. रेल यात्रियों की सुविधा हेतु प्रयागराज- जयपुर-प्रयागराज एक्सप्रेस में एलएचबी कोच लगाए जा रहे है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी के अनुसार गाडी संख्या १२४०३/१२४०४, में प्रयागराज से दिनांक १६.०३.२० से एवं जयपुर से १७.०३.२० से एलएचबी कोच लगाये जा रहे है। गाडी में ०१ फर्स्ट एसी, ०२ सैकण्ड एसी, ०४ थर्ड एसी, ०८ द्वितीय शयनयान श्रेणी, ०३ साधारण श्रेणी तथा ०२ पॉवरकार सहित कुल २० डिब्बें होगें।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नये महानिरीक्षक-सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त बने अमिय नंदन सिन्हा



रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर। अमिय नंदन सिन्हा ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नये महानिरीक्षक-सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त का पदभार ग्रहण किया। अमिय नंदन सिन्हा १९८६ बैच के भारतीय रेलवे सुरक्षा बल सेवा के अधिकारी है। दिनांक ०६ मार्च, २०२० को महानिरीक्षक-सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त का कार्यभार संभालने से पूर्व अमिय नंदन सिन्हा, महानिरीक्षक-सह प्रधान मुख्य सुरक्षा बल प्रशिक्षण केन्द्र मौला-अली सिकन्दराबाद में महानिरीक्षक-सह निदेशक के पद पर पदस्थ थे। अमिय नंदन सिन्हा ने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर्स डिग्री (MBA) एवं एलएलबी की शिक्षा प्राप्त की है। इन्होंने १७ सितम्बर, १९९१ में रेलवे में कार्यभार ग्रहण किया। सिन्हा एन.एफ. रेलवे, ईस्ट कोस्ट रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे में विभिन्न महत्वपूर्ण पदो पर एवं दक्षिण रेलवे एवं दक्षिण मध्य रेलवे तथा दक्षिण मध्य रेलवे में महानिरीक्षक-सह प्रधान मुख्य सुरक्षा बल प्रशिक्षण केन्द्र मौला-अली सिकंदराबाद में महानिरीक्षक-सह निदेशक के पद पर कार्य किया है।

# लोको पायलट संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित

रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कार्यरत संरक्षा कोटि के ०३ रेल कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय संरक्षा सबंधी कार्य निष्पादन के लिए महाप्रबंधक गौतम बनर्जी के द्वारा दिनांक ०२ फरवरी, २०२० को सम्मानित किया गया।

नागपुर रेल मंडल के डोंगरगढ रेलवे स्टेशन में कार्यरत आर.एस. रतन, मुख्य लोको निरीक्षक के द्वारा डोंगरगढ स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर दो पर फुटप्लेटिंग निरीक्षण का कार्य के दौरान माल गाडी के फलेप बल्क हैड खुली होने पर तत्काल स्टेशन पर उपस्थित डयुटि पर कार्यरत कर्मचारी को जानकारी देकर ठीक करवाया सजगता एवं सतर्कता का परिचय देते हुए संभावित दुर्घटना को टालने में प्रशंसनीय कार्य किया गया। संरक्षा से संबंधित जानकारी, सजगता, सतर्कता एवं संरक्षा कार्य की सराहना करते हुए महाप्रबंधक गौतम बनर्जी के द्वारा उपरोक्त कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार, प्रमुख मुख्य विधुत इंजीनियर एस.एन. दुबे, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी अरूण कुमार जैन उपस्थित थे।


# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस




रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। विश्व महिला दिवस के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय में महिला कर्मचारियों के लिए महिला शक्तिकरण भारतीय समाज में महिलाओं की आवश्यकता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को आयोजन किया गया। विश्व महिला दिवस जोनल मुख्यालय सहित तीनों रेल मंडलो में अलग-अलग कार्यक्रम एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। दिनांक ०८ मार्च, २०२० को न्यू रेल क्लब में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौतम बनर्जी, महाप्रबंधक, इंदिरा बनर्जी, जोनल सेको अध्यक्षा, प्रमुख्य मुख्य सुरक्षा आयुक्त रणवीर चौहान, एस.के. गुप्ता, प्रमुख मुख्य इंजीनियर, अलोक सहाय, सचिव महाप्रबंधक हिमांशु जैन, उप महाप्रबंधक (सामान्य) एवं मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी साकेत रंजन सहित रेलवे महिला अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आरपीएफ महिला कर्मचारी उपस्थित थीं।

# लापरवाही से बढ़ रहे हैं देश में कोरोना वायरस के मामले

हमारे देश में कोरोना वायरस से संक्रमित हुए लोगों की संख्या हर रोज बढ़ रही है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कोरोना वायरस से पॉजिटिव पाए एक संक्रमित व्यक्ति ने इसी प्रकार की लापरवाही की, जिसकी वजह से उन्होंने स्वयं के साथ कई और लोगों तक संक्रमण का खतरा बढ़ा दिया है। हमारे देश में सर्दी-खांसी को आम बीमारी के रूप में देखा जाता है। ऐसा होने पर घरेलू नुस्खों से लेकर काउंटर सेल में मिलने वाली दवाएं तक व्यक्ति खुद ही इस्तेमाल कर लेता है। दरअसल, छोटी-छोटी नासमझियों के चलते हमारे देश में संक्रमण के शिकार लोगों की संख्या बढ़ रही है। लेकिन पिछले ढाई महीने से पूरी दुनिया में कोरोना महामारी की चर्चा है। अब तक देश मे इस वायरस के वजह से ०२ लोगों की मौत कि पुष्टि हो चुकी है। एहतियाती कदम उठाते हुए सरकार ने विदेश से आने वालों के वीजा भी रद कर दिए हैं। लेकिन संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रारंभिक लक्षणों के बाद भी वो लगातार मेट्रो तथा कैब का उपयोग करते रहे। तबीयत खराब होने पर निजी अस्पताल में इलाज कराया और दोबारा आवागमन शुरू कर दिया। अंतत जब तबीयत बेहद खराब हुई, तब जाकर कोरोना की जांच कराई और भर्ती हुए। अब सोचिए कि इतने समय में उनके संपर्क में कितने लोग आए होंगे। वो लोग जो मेट्रो में थे, कैब में थे और उनके दफ्तर में थे। उन सभी को इस संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। हर ओर इससे बचने के उपाय और तरीके बताए जा रहे हैं। बावजूद इसके लोग इस बीमारी के प्रति लापरवाही बरत रहे हैं। स्वास्थ्य एजेंसियां और भारत सरकार लगातार विज्ञापनों तथा हर संभव तरीके से जनसंदेश पहुंचाने का प्रयत्न कर रही हैं। जनता से आग्रह किया जा रहा है कि वो हर संभव स्वच्छता रखें। खांसते-छींकते समय कैसी सावधानी बरतें। भीड़-भाड़ में जाने से बचें। लगातार साबुन से अपने हाथ धोते रहें। यदि किसी को सर्दी-खांसी-जुकाम है तो वो मास्क से अपने चेहरे को ढंककर रखे। यदि निर्देशों का पालन सभी नागरिक करें तो निश्चित तौर पर हम न सिर्फ कोरोना को हरा पाएंगे बल्कि इसे फैलने से रोककर देश तथा अपने नागरिकों की मदद करेंगे।



# महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल ने कोरोना वायरस हेतु जारी किया निर्देश

रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ललित चंद्र त्रिवेदी ने दिनांक १३.०३.२०२० को ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर में रेलवे द्वारा कोरोना वायरस के प्रसार एवं रोकथाम हेतु किए जा रहे कार्यो का जायजा लिया। महाप्रबंधक ने इसके लिए सभी मंडलों को तत्काल प्रभाव से कई और महत्वपूर्ण कदम उठाने को कहा:-

ट्रेनों के प्रत्येक प्राथमिक रख-रखाव के दौरान कोचों के अंदर की सफाई में लाइसोल जैसे कीटाणुनाशक का प्रयोग करें। तत्काल प्रभाव से रात के रख-रखाव के दौरान ईएमयू और डेमू कोचों का कीटाणुशोधन प्रारंभ किया जाए। प्रमुख स्टेशनों के सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि वे यात्रियों द्वारा प्रयोग में लाए जाने वाले बेंच, कुर्सी, वॉशबेसिन, बाथरूम, डोर नॉब्स आदि को निरंतर कीटाणुरहित करते रहें।

ट्रेनों के हैंड रेल, दरवाजे, खिड़कियां, चेन, स्नैक टेबल, और कोच की ऐसी सभी वस्तुओं को नियमित रूप से साफ करने की जरूरत है। सभी एसी कोचों से सभी पर्दे हटा दें। ट्रेनों की दैनिक फॉगिंग की जाए। सभी गड्ढे/लाइनों की दैनिक फॉगिंग की जाए।

# मैरिज हॉल से गहने हुए चोरी

रे.स.ब्यू./संवाप्रयागराज। कर्नलगंज स्थित मैरिज हाउस से दुल्हन के गहने समेत तीन लाख का सामान चोरी कर लिया गया। गोविंदपुर में रहने वाले अशोक कुमार पूर्व पार्षद हैं, उनकी बेटी की शादी १३ मार्च को कर्नलगंज स्थित रामवाटिक मैरिज हाउस से थी। शादी की रस्मों के बीच करीब रात १०.३० बजे उनकी पत्नी का गहनों व नगदी भरा बैग चोरी हो गया। जिसके बाद वहां हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# सपा ने किया नौ जिला, महानगर अध्यक्ष कि घोषणा

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने चौ. लौटनराम निषाद को पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नामित किया है। लौटनराम निषाद राष्ट्रीय निषाद संघ के राष्ट्रीय सचिव भी हैं। इसके अलावा नौ जिला-महानगर अध्यक्षों व समाजवादी युवजन सभा के एक जिलाध्यक्ष की घोषणा की है।

इनमें प्राण सिंह को महोबा, विजय करन को बांदा, संत कबीरनगर मे गौहर अली, विपिन सिंह को फतेहपुर और सुजीत यादव को वाराणसी का जिला अध्यक्ष बनाया है। जौनपुर में लाल बहादुर, गोरखपुर में नगीना साहनी, बरेली महानगर में शमीम सुल्तानी और गाजियाबाद महानगर में राहुल चौधरी को पार्टी अध्यक्ष बनाया है। बांदा से आमिर खां मन्नी को युवजन सभा का जिलाध्यक्ष नामित किया गया है।

# चाऊमीन खाने से बच्चों समेत ५० बीमार

रे.स.ब्यू./सूत्र. फिरोजाबाद। चाऊमीन खाने से फिरोजाबाद के थाना नारखी क्षेत्र में तीन गांवों के करीब ५० ग्रामीण फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। इनमें बच्चे, महिलाएं, युवतियां शामिल थीं। सभी को स्वास्थ्य केंद्र फरिहा में भर्ती कराया गया है। चाऊमीन में क्या मिला था, इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। ग्रामीणों के अनुसार रविवार दिनांक १५.०३.२०२० गांव नगला कढ़ेरू, मोहम्मदपुर व आसपास के गांवों में चाऊमीन बेची गई थी। चाऊमीन खाने से बच्चों के साथ युवक और महिलाओं की हालत बिगड़ती चली गई। किसी को उल्टी-दस्त हुए तो किसी के मुंह से झाग निकलने लगे। सभी को फरिहा के स्वास्थ केंद्र पर लाया गया है।

स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को जानकारी होते ही एंबुलेंस को भेजने के निर्देश दिए गए थे।

# कोरोना से बचाव के लिए नगर निकायों को मिले ३.८२ करोड़

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप पर नगर निकाय क्षेत्रों में विशेष सकर्तकता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए अभियान चलाकर शहरी क्षेत्रों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सफाई कराने के साथ ही नियमित कीटनाशक दवाओं का निरंतर छिड़काव कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस विशेष अभियान के लिए सरकार ने ३.८२ करोड़ रुपये भी जारी किए हैं। नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने सभी नगर आयुक्तों के साथ ही नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारियों को रविवार दिनांक १५.०३.२०२० को दिशा- निर्देश जारी किया है।

# कानपुर सेंट्रल-नई दिल्ली के बीच चलाई जाएगी ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। यात्रियों को सुविधा प्रदान करते हुए प्रयागराज मंडल गाड़ी सं ०४१५७ कानपुर सेंट्रल-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष सुपरफास्ट गाड़ी का संचालन दिनांक ०७.०४.२०२० से ३०.०६.२०२० तक तथा गाड़ी सं ०४१५८ नई दिल्ली -कानपुर सेंट्रल ग्रीष्मकालीन विशेष सुपरफास्ट गाड़ी का संचालन दिनांक ०७.०४.२०२० से ३०.०६.२०२० तक किया जायेगा। जो प्रत्येक दिन १६:१० बजे चलकर टूंडला, अलीगढ़ होते हुए २१:४० बजे नई दिल्ली पहुंचेगी और नई दिल्ली से गाड़ी सं ०४१५८ प्रत्येक दिन सुबह ०७:५० बजे चलकर अलीगढ़, टूंडला होते हुए दोपहर १३:१० बजे कानपुर सेंट्रल पहुंचेगी। इस गाड़ी में ०५ जनरल कोच, ०६ द्वितीय श्रेणी स्लीपर कोच, ०४ तृतीय श्रेणी वातानुकूलित कोच, ०१ द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित कोच, ०१ प्रथम श्रेणी वातानुकूलित कोच, ०२ एस एल आर सहित कुल २२ कोच होंगे।

# वीरांगना सुपरफास्ट ट्रेन अब ३० जून तक

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। मथुरा के लिए प्रयागराज जंक्शन से सप्ताह में तीन दिन चलने वाली वीरांगना सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन के फेरे रेलवे ने तीन माह के लिए बढ़ा दिए हैं। मानिकपुर, चित्रकूट, बांदा, झांसी के रास्ते चल रही यह ट्रेन ३१ मार्च तक चलनी थी, जिसको अब ३० जून तक बड़ा दिया गया है।

यह ट्रेन प्रयागराज जं. से प्रत्येक रविवार, मंगलवार एवं बृहस्पतिवार की शाम सात बजे रवाना होती है जो सुबह सात बजे मथुरा पहुंच जाती है। इसी तरह मथुरा से सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार की रात आठ बजे चलकर यह ट्रेन सुबह आठ बजे प्रयागराज जंक्शन पहुंचती है।

# नकली पिस्टल दिखाकर लूट

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। त्योहार पर पैसों की जरूरत के लिए बहादुरगंज में एटीएम से नगदी निकालते समय प्राइवेट कर्मचारी विश्वास वर्मा से ६५०० रुपये लूट लिए गए। वारदात एक युवक ने नकली पिस्टल दिखाकर की। शोर मचाने पर जुटे स्थानीय लोगों ने उसे पकड़कर जमकर पीटा और पुलिस के हवाले कर दिया। नैनी निवासी विश्वास ने बताया कि वह बैंक में प्राइवेट कर्मचारी है, और रविवार दिनांक ०८.०३.२०२० कि सुबह नौ बजे के करीब चौक स्थित पीएनबी एटीएम में पहुंचा और ६५०० रुपये निकाले। इस दौरान एक युवक आया और उसे पिस्टल सटाकर रुपये छीन लिए और एटीएम लेकर पिन नंबर पूछने लगा। विश्वास किसी तरह बाहर की ओर भागे और शोर मचाया। जिस पर आसपास के लोग जुट गए और आरोपी को दबोच लिया। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी को थाने ले गई जहां भुक्तभोगी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विकास द्विवेदी, निवासी मुट्ठीगंज बताया। पुलिस का कहना है कि उसे जेल भेज दिया गया है।

# फसल देख फांसी पर झूली किसान की पत्नी

रे.स.ब्यू./सूत्र.बांदा। ओला बारिश से बर्बाद हुई खेती का सदमा किसान की पत्नी बर्दाश्त न कर सकी। खेत में पति को छोड़कर घर आ गई और फांसी लगाकर जान दे दी। जब खेत से पति घर आए तो शव फंदे पर देख वह भी मूर्छित हो गया। बांदा में दर्दनाक घटना अतर्रा तहसील, थाना क्षेत्र आऊ गांव की है। शनिवार दिनांक १४.०३.२०२० को मुन्नी पत्नी रामजस वर्मा ने घर की अटारी में सूना मौका पाकर फांसी लगा ली। ओला बारिश से फसल से नुकसान देखकर उसे सदमा पहुंचा।

# होली मे रही कई इलाकों कि बिजली गुल

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। होली के पर्व पर शहर और ग्रामीण इलाकों में बिजली की आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित रही। शहर के कई इलाकों में होलियारे कपड़े फाड़ कर बिजली के तारों पर फेंक दिए। जिससे शार्ट सर्किट हुआ और आपूर्ति प्रभावित रही। वहीं अन्य इलाकों में लोकल फाल्ट के चलते बिजली आती-जाती रही। इसकी वजह से पानी की भी दिक्कत सहनी पड़ी।

होली के दिन चौक, जानसेनगंज, कीडगंज, मुट्ठीगंज, रामबाग, कोठापारचा, कल्याणी देवी, अतरसुईया, रानीमंडी, करेली, करेलाबाग, साउथ मलाका, सलोरी, अल्लापुर, दारागंज, छोटा-बघाड़ा, आदि इलाकों में जगह-जगह बिजली के तारों पर कपड़े लटके हुए नजर आए। रामबाग विद्युत सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले कई इलाकों में बिजली बुधवार को दोपहर तीन बजे प्रभावित हुई।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला लोगों के जीवन में संजीवनी -सिद्धार्थ नाथ सिंह



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। सूबे के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक माह के रविवार दिनांक ०८.०३.२०२० को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला के क्रम में नगरीय स्वास्थ्य सेवा केंद्र राजरूपपुर का उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने विश्व महिला दिवस पर नगरीय स्वास्थ्य केंद्र के बगल रहने वाली मनु श्रीवास्तव पुत्री अखिलेश श्रीवास्तव के हाथों से फीता कटाकर मेले का शुभारंभ कराया। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा विश्व महिला दिवस जैसे मौके पर होने वाले इस मेले को मातृशक्ति के सम्मान, महिला सशक्तीकरण, समानता और निजता के अधिकार को लेकर समर्पित किया गया है। इसके साथ ही ३२ लोगों ने खून की जांच,लगभग २८७ लोगों ने नामांकन कराकर इलाज कराया। इस मौके पर डॉ.सतेंद्र राय, आर के श्रीवास्तव, डॉ., विशाल नाथ पाण्डेय, मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी आदि ने सहभागिता दिया।

# डेक्कन क्वीन एक्सप्रेस का होगा कायाकल्प




प.सू.का/नईदिल्ली। महाराष्ट्र में मुम्बई और पुणे के बीच चलने वाली डेक्कन क्वीन एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या १२१२३/१२१२४) भारतीय रेलवे की सबसे समृद्ध विरासत वाली प्रतिष्ठित ट्रेन है। ६० साल पुरानी इस ट्रेन को अब जर्मन डिजाइन लिंक हॉफमैन बुश (एलएचबी) डिब्बों के साथ उन्नयन करने का प्रस्ताव है। दूसरे इस ट्रेन के बाहरी डिजाइन का कायाकल्प प्रस्तावित है जिसे इस ट्रेन के एलएचबी रेक में उपयोग किया जाएगा। वर्तमान में डेक्कन क्वीन में लाल बैंड के साथ नीले और सफेद रंग की विशिष्ट रंग वाली स्टाफ वर्दी का उपयोग होता है। रेलवे बोर्ड की सलाह पर मध्य रेलवे ने भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत स्वायत्त संस्था एनआईडी अहमदाबाद को वर्दी के डिजाइन के बारे में पेशेवर जानकारी उपलब्ध कराने का कार्य सौंपा है।

यह ट्रेन १९३० से ही नियमित ग्राहक सेवा वाली है। इसके नाम भारत की पहली सुपरफास्ट ट्रेन, पहली लंबी दूरी की विद्युत ट्रेन, पहली गलियारेदार गाड़ी, महिलाओं के लिए अलग डिब्बे वाली पहली ट्रेन और पहली डाइनिंग कार वाली ट्रेन होने के रिकॉर्ड दर्ज हैं।

# अमौसी एयरपोर्ट को मिला अवार्ड

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। उत्कृष्ट यात्री सुविधाओं के लिए अमौसी एयरपोर्ट को एशिया पैसिफिक क्षेत्र में पहला स्थान मिला है। वैश्विक स्तर पर होने वाली रैंकिंग में चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अमौसी का कद बढ़ता जा रहा है। यह अवार्ड चार तिमाही की एएसक्यू सर्वेक्षण के आधार पर तय किया गया है।

# प्रयागराज जंक्शन पर लगे जयश्री राम के उद्घोष

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। लोकमान्य तिलक टर्मिनल (मुंबई) से अयोध्या के लिए चली स्पेशल ट्रेन शुक्रवार दिनांक ०६.०३.२०२० कि दोपहर प्रयागराज जंक्शन पहुंची।

महाराष्ट्र में उद्धव सरकार के सौ दिन पूरा होने के उपलक्ष्य में ट्रेन में दो हजार से ज्यादा शिवसैनिक रहे। किसी प्रकार की कोई अनहोनी न होने पाये इसके लिए जीआरपी, आरपीएफ के साथ कई थानों की फोर्स और नीली वर्दी में आरएएफ जवान भी पहुंच गये। प्लेटफार्म नंबर आठ पर ट्रेन के रुकते ही तमाम शिवसैनिक गुटों में जय शिवाजी, जय भवानी आदि का भी उद्घोष किया। ट्रेन में पुणे, थाणे, कल्याण, शोलापुर, अमरावती, लोनावला समेत तमाम जिलों के शिव सैनिक रहे। शिवसेना से नवी मुंबई के शिव पाल ने बताया कि सात मार्च को महाराष्ट्र में उद्धव सरकार के सौ दिन पूरे हो रहे हैं।

# महाप्रबन्धक ने संरक्षा पुरस्कार से किया सम्मानित




रे.स.ब्यू./संवा. नई दिल्ली। उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक ने नई दिल्ली में संरक्षा तथा इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर महाप्रबन्धक राजीव चौधरी, ने संभावित दुर्घटना को टालने वाले २१ रेलकर्मियों को माह जनवरी व फरवरी हेतु संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित भी किया। दिनांक ०२.०३.२०२० को इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे अर्चना जोशी, मुख्य संरक्षा अधिकारी, सीमा कुमार तथा अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित रेलकर्मियों में आलोक कुमार पाल, लोको पॉयलट, फिरोजपुर, फिरोजपुर मण्डल, सतीश कुमार राठी, स्टेशन मास्टर, अहमदगढ, ओमप्रकाश सैनी, स्टेशन मास्टर, अगवानपुर ब्लॉक हट, मुरादाबाद मंडल, अनीश कुमार श्रीवास्तव, स्टेशन मास्टंर, शिवनगर, लखनऊ मण्डल, जितेन्द्र कुमार, गेटमैन जौनपुर, लखनऊ मण्डल आदि शामिल हैं। महाप्रबन्धक, उत्तर रेलवे ने सभी रेलकर्मियों के महत्वपूर्ण योगदान की प्रशंसा की।

# कोरोना प्रभावित देशों से ५४ और लोग कानपुर लौटे

रे.स.ब्यू./सूत्र.कानपुर। कोरोना प्रभावित देशों से लौटने वाले कानपुर में ५४ लोगों की सूची स्वास्थ्य विभाग के पास आई है। इनमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों के रहने वाले लोग हैं। जिनकी उम्र २८ से ४० साल के बीच हैं। जिसमें ६० फीसदी व्यवसायी हैं। जो व्यवसाय के सिलसिले में विदेश गए थे। इन व्यवसायियों में थाइलैंड और सिंगापुर से लौटने वालों की संख्या ज्यादा है। इन देशों में कोरोना का असर इतना ज्यादा है इसलिए उड़ानें तक रद्द कर दी गई हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इन लोगों की सूची स्वास्थ्य विभाग के पास भेजी है। सीएमओ डॉ. शुक्ला ने बताया कि सूची आने के बाद लोगों के पते का सत्यापन शुरू कर दिया गया।

# जल्द बनेगा गंगा पर पक्का पुल

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। मेजा से विधायक नीलम करवरिया ने तीन वर्षों में किए गए विकास कार्यों एवं भाजपा सरकार की योजनाओं का लेखा-जोखा कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा। दिनांक १४.०३. २०२० को उन्होंने कहा कि मेजा में जल्द गंगा पर पक्के पुल का निर्माण किया जाएगा। मेजा रोड के श्यामकली इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यकर्ता समारोह में नीलम करवरिया का भव्य स्वागत किया गया। समारोह में विधायक नीलम करवरिया ने सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया। आयोजित कार्यकर्ता समारोह में जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र शुक्ला, राज वल्लभ तिवारी, बाबा ओझा, पप्पू दूबे, मनीष पांडेय, प्रधान दिघिया राम मिश्रा समेत कई लोग मौजूद रहे ।



# साइबर शातिरों ने खाते से सवा लाख किए गायब

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। पुराना कटरा, प्रयागराज के रहने वाले एक शख्स के मोबाइल पर साइबर शातिर ने बैंक अफसर बनकर फोन किया और बैंक कि पूरी डीटेल्स ले ली, जिसके बाद तकरीबन सवा लाख रुपये शख्स के खाते से गायब कर दिये।

भुक्तभोगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। बृजलाल तिवारी निवासी पुराना कटरा को फोन कर जालसाज ने बताया था कि वह एक्सिस बैंक का अफसर है। उसने कहा कि अगर डीटेल्स नहीं बताई तो उसके खाता बंद कर दिया जाएगा। बृजलाल तिवारी ने एटीएम और खाते की डीटेल्स बता दी। तीन बार में एक लाख २६ हजार कट गए।

इसके बाद बृजलाल ने बैंक में पता किया तो बैंक ने कहा कि बैंक किसी ग्राहक को फोन नहीं करता है। बृजलाल की तहरीर पर कर्नलगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# S. K. Goel takes charge as Director General, IRISET

RSB/Secunderabad: S.K. Goel has taken charge as Director General, Indian Railways Institute of Signal Engineering & Telecommunications, Premier Centralized Training Institute on Indian Railways imparting training in Railway Signalling & Telecommunications on 4th March, 2020. He belongs to 1982 batch of Indian Railway Service of Signal Engineers (IRSSE). S.K. Goel happens to be the first Director General appointed to take charge of IRISET. Prior to his new posting, he was earlier serving as Principal Chief Signal & Telecom Engineer, Southern Railway. S.K. Goel started his career on Indian Railways in 1984 as Assistant Signal & Telecom Engineer and in over three decades of service, has held several important assignments on IR. He also served as Executive Director, Signal Projects, Railway Board and Executive Director, RailTel Corporation, Southern Region, Secunderabad. S.K.Goel has also worked as Chief Signal & Telecom Engineer, South Central Railway.



S.K.Goel during his tenure as Executive Director, Railway Board underwent Advance Strategic Management Program at Carnegie Mellon University, Pittsburgh, United States of America.

## हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके उस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभी तक किसी को सफलता नहीं मिली।" महात्मा गांधी

# रेल में महिला रेल कर्मचारियों कि भूमिका है महत्वपूर्ण



रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर। नारी की समानता ही देश और समाज की प्रगति का आधार है। भारतीय रेलवे में महिलाएं अलग -अलग विभागों में महत्वपूर्ण कार्यो को अंजाम दे रही चाहे वह ड्राइवर के रुप में रेल चालन हो, गार्ड, इंजीनियर, टीटीई, ट्रेक मेंटेनर, आरपीएफ या स्टेशन मास्टर सभी कार्यो को महिलाएं भलीभांति अंजाम दे रही है। भारतीय रेल के सुरक्षित एवं संरक्षित परिचालन में भी महिला रेलवे कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में भी वर्तमान में ३१७५ महिलाएं कार्यरत है जिसमें राजपत्रित पदों पर ३३ तथा अराजपत्रित पदों पर ३१४२ शमिल है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ७५ महिला ड्राइवर, ०६ गार्ड, १३ स्टेशन मास्टर एवं सहयक स्टेशन मास्टर, ३७ सुपरवाइजर, ४२६ ट्रैक मेंटेनर, १०० आरपीएफ तथा ३५२ मेडिकल सहित २१२७ अन्य विभागों में भी महिलाएं अलग-अलग सेवाएं दे रही है।

महिला कर्मचारियों की सुविधा का भी रेल प्रशासन बराबर ध्यान रखती है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए समय-समय पर हेल्थ चेक अप कैम्प आयोजित किये जाते हैं। अभी हाल ही में महिलाओं की सुविधा के लिए तीनों मंडलो एवं मुख्यालय में सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन स्थापित किये गये थे। महिला कर्मचारियों की समस्याओं व शिकायतों के निवारण के लिए महिलाओं की समिति भी गठित की गई है।

इसके साथ ही साथ भारतीय रेलवे के द्वारा महिला रेल यात्रियों को अनेको सुविधाएं दी जाती हैं, जिसमें ये प्रमुख सुविधायें शामिल है, ५८ वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को आरक्षित श्रेणियों की यात्र टिकटों में ५० प्रतिशत की छुट दी जाती है। लंबी दूरी की मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में ६ स्लीपर क्लास की बर्थ अकेले यात्रा कर रही महिलाओं या महिलाओं के समूह के लिए रखी जाती है।

अंराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय रेलवे के साथ-साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे हमेशा प्रयासरत है।



# चैत्र नवरात्र : पूजा विधि और महत्व

चैत्र नवरात्र के नौ दिनों में जो भी सच्चे मन से मां दुर्गा की पूजा करता है उसकी सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं। हिन्दू पंचांग के अनुसार चैत्र नवरात्र हर साल चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होते हैं। इस बार चैत्र नवरात्र २५ मार्च २०२० से शुरू होकर २ अप्रैल २०२० को खत्म हो रहे हैं। वहीं, राम नवमी २ अप्रैल २०२० को मनाई जाएगी। उत्तर भारत में चैत्र नवरात्र को नौ दिनों तक देवी मां के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा अर्चना की जाती है। भक्त पूरे नौ दिनों तक व्रत रखने का संकल्प् लेते हैं। पहले दिन कलश स्थापना की जाती है और अखंड ज्यौति जलाई जाती है। फिर अष्टमी या नवमी के दिन कुंवारी कन्याओं को भोजन कराया जाता है। चैत्र नवरात्र के आखिरी दिन यानी कि नवमी को राम नवमी के नाम से जाना जाता है। हिन्दू धर्मशास्त्रों के अनुसार इस दिन मर्यादा-पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्म हुआ था। इस दिन मंदिरों में रामायण का पाठ किया जाता है और भगवान श्री राम की पूजा अर्चना की जाती है। साथ ही भजन-कीर्तन कर आरती की जाती है और भक्तों में प्रसाद बांटा जाता है।

२५ मार्च २०२०: नवरात्रि का पहला दिन, प्रतिपदा, कलश स्थापना, चंद्र दर्शन और शैलपुत्री पूजन। २६ मार्च २०२०: नवरात्रि का दूसरा दिन, द्वितीया, बह्मचारिणी पूजन। २७ मार्च २०२०: नवरात्रि का तीसरा दिन, तृतीया, चंद्रघंटा पूजन। २८ मार्च २०२०: नवरात्रि का चौथा दिन, चतुर्थी, कुष्मांडा पूजन। २९ मार्च २०२०: नवरात्रि का पांचवां दिन, पंचमी, स्कंमदमाता पूजन। ३० मार्च २०२०: नवरात्रि का छठा दिन, षष्ठीन, सरस्वती पूजन। ३१ मार्च २०२०: नवरात्रि का सातवां दिन, सप्तमी, कात्यायनी पूजन। १ अप्रैल २०२०: नवरात्रि का आठवां दिन, अष्टमी, कालरात्रि पूजन, कन्या पूजन। २ अप्रैल २०२०: नवरात्रि का नौवां दिन, राम नवमी, महागौरी पूजन, कन्या पूजन, नवमी हवन, नवरात्रे का समापन होता है।

# एक सप्ताह में मिलेगा ओलावृष्टि से नष्ट फसलों का मुआवजा: सीएम योगी

रे.स.ब्यू./सूत्र.जौनपुर। उत्तर प्रदेश के कई जिलों मे पिछले सप्ताह हुई मूसलादार से किसानों की फसल पर बहुत बुरा असर पड़ा है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार दिनांक १४.०३.२०२० को जौनपुर जिले के करंजा-कला ब्लॉक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में आपदा पीड़ित परिवारों को राहत राशि का चेक दिए। आंधी और बारिश के दौरान तीन मृतकों के परिजनों को ४-४ लाख रुपये का चेक भी सौंपा।



फसलों की क्षति के लिए ५१ किसानों को मुआवजा राशि का चेक प्रदान किया। पीड़ित परिवारों से संवेदना जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने प्रदेश के सभी जिलों में प्रशासन को एक सप्ताह के अंदर नुकसान का सर्वेक्षण कराकर किसानों की क्षतिपूर्ति दिलाने का निर्देश भी दिया और कहा कि इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जाएगी।

कार्यक्रम में सांसद मछलीशहर बीपी सरोज, राज्य मंत्री गिरीश चंद यादव, विधायक रमेश चंद मिश्र, दिनेश चौधरी, आदि मौजूद रहे।

## लेखकों से

राष्ट्रीय, सामयिक, फिल्म व्यंग्य आदि विषयों पर अप्रकाशित लेख प्रकाशन हेतु आमंत्रित है। अपने हस्तलिखित लेख कागज की एक ओर साफ अक्षरों से भेजें।

प्रधान सम्पादक - ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

# नकली सैनिटाइजर बनाने में चार गिरफ्तार

रे.स.ब्यू./सूत्र. गाजियाबाद। नकली सैनिटाइजर बनाने वाली एक फैक्टरी को जिला औषधि विभाग ने पकड़ा है।

रविवार दिनांक १५.०६.२०२० रात की गई कार्रवाई में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। जिसमें से चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। कार्रवाई में ड्रग इंस्पेक्टर और कविनगर थाना पुलिस मौजूद रही।

अधिकारियों ने करीब १० लाख रुपये का माल फैक्टरी से बरामद किया है। फैक्टरी का मालिक सहित दो लोग फरार हैं। शाहपुर बम्हैटा में मानसरोवर पार्क के पीछे एक घर में फैक्टरी चल रही थी।

जबकि फैक्ट्री मालिक वीरेंद्र कुमार सिंह और रणपाल सिंह फरार हैं सैनिटाइजर फैक्टरी में बरामद सैनिटाइजर ओरटम कंपनी के नाम से तैयार होकर बाजारों में भेजा जा रहा था।

Heartline

Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षों से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र

हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल

14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष
24 घण्टे सेवा उपलब्ध




Lucknow - New Delhi - Lucknow
IRCTC train will be run as per following timings:

| Arrival | Departure | Station | Arrival | Departure |
|---|---|---|---|---|
| - | 06:10 | Lucknow Jn. | 22:05 | - |
| 07:20 | 07:25 | Kanpur Central | 20:35 | 20:40 |
| 11:45 | 11:47 | Ghaziabad | 16.09 | 16:11 |
| 12:25 | | New Delhi | | 15:35 |

Salient features
• On board infotainment services (In Point) • High quality food and beverages on board
• Tea vending machines • Service through trolleys similar to airlines
• RO water filter in addition to the packaged drinking water bottle for each passenger

BOOKING DETAILS :
• Booking exclusively on IRCTC website www.irctc.co.in and Mobile App "Irctc Rail Connect"

Rail Travel Insurance of up to ₹ 25 Lakhs, free of cost
Upcoming Tejas by IRCTC Ahmedabad – Mumbai – Ahmedabad

Indian Railway Catering and Tourism Corporation Ltd.
(A Government of India Enterprise - Mini Ratna)
www.irctc.co.in, www.irctctourism.com, www.air.irctc.co.in, www.irctc.com

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशि:
१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-९० पोस्ट ए.डी-८ मो.९७९३६५६०४४ ९६५१९०४७८८, ९९३५२२४८९७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०

# उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर का शुभारम्भ



रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल, नई दिल्ली के आपातकालीन विभाग में रेल स्वास्थ्य सेवा के महानिदेशक, डॉ. एच. प्रदीप कुमार ने उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक, राजीव चौधरी और अन्य प्रमुख विभागाध्यक्षों की मौजूदगी में दिनांक २७.०२.२०२० को नई एक्स-रे मशीन और आपातकालीन ऑपरेशन थियेटर का शुभारम्भ किया। आपातकालीन विभाग में एक्स-रे विभाग की व्यापक सेवा रोगियों की जान बचाने और उनको शीघ्र एक्स-रे की सुविधा तथा उपचार प्रदान करने में सहयोगी होगी।

रेल स्वास्थ्य सेवा के महानिदेशक, डॉ. एच. प्रदीप कुमार और उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक, राजीव चौधरी ने उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल में उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की सराहना की और उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल के मुख्य चिकित्सा निदेशक, डॉ. एम.बी. शंखवार और उनकी टीम को इन प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया।